टी20 वर्ल्ड कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने संजू सैमसन

अहमदाबाद, । टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ हो रही है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 255 रन बनाए। संजू सैमसन ने लगातार तीसरे मैच में अर्धशतकीय पारी खेली। संजू टी20 विश्व कप के एक संस्करण में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खेले 5 मुकाबलों में 199 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए कुल 321 रन बनाए। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कोहली ने टी20 विश्व कप 2014 के दौरान खेले 6 मुकाबलों में 129 के स्ट्राइक रेट से 319 रन बनाए थे। संजू ने फाइनल मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 89 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान संजू ने 5 चौके और 8 छक्के लगाए।

संजू सैमसन टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज मार्लोन सैमुअल्स का रिकॉर्ड तोड़ा। सैमुअल्स ने टी20 विश्व कप 2016 के खिताबी मुकाबले में 85 रनों की नाबाद पारी खेली थी। सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 3 मैचों में अर्धशतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

संजू से पहले यह कारनामा सिर्फ विराट कोहली और शाहिद अफरीदी ही कर सके हैं।

संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने इस विश्व कप में कुल 24 छक्के लगाए। संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप में लगातार तीन पारियों में अर्धशतक लगाकर विराट कोहली, बाबर आजम, केएल राहुल की बराबरी भी कर ली है।

संजू सैमसन ने अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर भारतीय टीम को तूफानी शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 7.1 ओवर में 98 रन जोड़े। संजू-अभिषेक की विस्फोटक बल्लेबाजी के बूते भारतीय टीम ने 50 रनों का आंकड़ा सिर्फ 4 ओवर में ही पार कर लिया। इसके साथ ही 6 ओवर के पावरप्ले में भारतीय टीम ने 92 रन बनाए, जो एक नया रिकॉर्ड भी है। टी20 विश्व कप के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भारतीय टीम के नाम हो गया है।

टी20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करने का रिकॉर्ड भी टीम इंडिया के नाम हो गया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में बनाए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 253 रन बनाए थे।

न्यूज ब्रीफ

आईसीसी पर बरसे डी काक

कोलकाता। मध्यपूर्व में जारी तनाव के कारण अधिकतर उड़ानें बंद होने से आईसीसी टी20

विश्वकप क्रिकेट के लिए भारत आई टीमें टूर्नामेंट से बाहर आने के बाद भी स्वदेश नहीं लौट पा रही हैं। वेस्टइंडीज टीम के बाद दक्षिण अफ्रीका भी भारत में फंसी हुई है पर इंग्लैंड टीम स्वदेश वापसी करने में सफल रही है। जिसके बाद से ही अन्य टीमों के खिलाड़ी भड़के हुए हैं। इसी कारण दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी काक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को आड़े हाथों लिया है। डी काक ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह अजीब बात है कि उनके बाद बाहर होने वाली इंग्लैंड उनसे पहले वापस चली गयी है। वहीं वेस्टइंडीज और हमारी टीम अभी भी कोलकाता में है। डी काक ने सोशल मीडिया में लिखा, मजेदार आईसीसी, हमने कुछ नहीं सुना। इस बीच, इंग्लैंड किसी तरह हमसे पहले निकल गयी है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी फंसी है। अजीब बात है कि अलग-अलग टीमों का दूसरों से अलग प्रभाव होता है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने भी इसपर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने लिखा, तो इंग्लैंड गुरुवार को बाहर हो गया, चार्टर होम ले लो। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अभी भी कोलकाता में है। दक्षिण अफ्रीका उसी स्थिति में है। यहीं पर अपनी ताकत का प्रयोग गलत है। इस स्थिति में सभी टीमों के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। केवल इसलिए कि आप आईसीसी टेबल पर ज्यादा शक्तिशाली हैं, तो आपके साथ अलग व्यवहार होगा।

हंपी के बाद दिव्या भी शीर्ष दस महिला शतरंज खिलाड़ियों में शामिल

प्राग। भारत की दिव्या देशमुख विश्व शतरंज रैंकिंग में संयुक्त रुप से दसवें स्थान पर पहुंच गयी है।

दिव्या 2510 रेटिंग अंकों के साथ विश्व की शीर्ष दस महिला खिलाड़ियों में शामिल हो गयी हैं। दिव्या ने यहां जारी फ़ीडे कैंडिडेट के पहले प्राग चैलेंजर में 9 दौर के में 5 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं भारत की ही कोनेरू हंपी 2535 अंकों के साथ शीर्ष पांच में बरकरार हैं। वहीं चीन की तीसरे नंबर की महिला खिलाड़ी जू जिनर भी 2.5 अंकों के साथ ही संयुक्त रुप से अंतिम स्थान पर रही। दूसरी ओर पूरुष वर्ग की बात करें तो भारत के सूर्य शेखर गांगुली 4 अंक हासिल करने के साथ ही आठवें नंबर पर आ गये हैं। वहीं चेक गणराज्य के फिनेक वैक्लेव 6.5 अंकों के साथ ही पहले और स्पेन के यूफ़ा डेनियल 6 अंक के साथ ही दूसरे स्थान पर रहे।

भारतीय वालीबाल के गाड जिम्मी जार्ज एक ऐसा खिलाड़ी जिसने खेल के लिए छोड़ दिया था मेडिकल करियर

नई दिल्ली। भारत में वालीबाल भी लोकप्रियता के मामले में क्रिकेट और अन्य बड़े खेलों से पीछे है, लेकिन इस खेल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले एक महान खिलाड़ी का नाम हमेशा याद किया जाता है जिम्मी जार्ज। उन्हें भारतीय वालीबाल का गाड कहा जाता है। उनका जन्म 8 मार्च 1955 को केरल के कन्नूर जिले के पेरवूर में हुआ था। उनके पिता जोसफ जार्ज एक वकील होने के साथ विश्वविद्यालय स्तर के वालीबाल खिलाड़ी भी थे, जबकि उनकी मां मैरी जार्ज थीं। परिवार में खेल का माहौल होने के कारण जिम्मी को बचपन से ही वालीबाल से लगाव हो गया था। जिम्मी पढ़ाई में भी काफी अच्छे थे और उन्होंने सरकारी कालेज में मेडिकल सीट हासिल कर ली थी, लेकिन वालीबाल के प्रति जुनून इतना ज्यादा था कि उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई छोड़कर खेल को ही अपना करियर बना लिया। महज 16 साल की उम्र में वह केरल स्टेट टीम का हिस्सा बन गए थे। कालेज के दिनों में उन्होंने कई पुरस्कार जीते और केरला यूनिर्वसिटी की टीम को 1973 से 1976 के बीच लगातार चार आल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 1973 में वह टीम के कप्तान भी रहे। साल 1974 में तेहरान में हुए एशियन गेम्स में वह भारतीय राष्ट्रीय वालीबाल टीम का हिस्सा बने। हालांकि भारत उस टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सका, लेकिन 19 वर्षीय जिम्मी जार्ज की प्रतिभा ने सभी का ध्यान खींच लिया। 1976 में उन्होंने वालीबाल पर पूरा ध्यान देने के लिए मेडिकल कालेज छोड़ दिया और केरल पुलिस में शामिल हो गए। महज 21 वर्ष की उम्र में उन्हें अर्जुन अर्वाड से सम्मानित किया गया, जिससे वह इस पुरस्कार को पाने वाले सबसे युवा वालीबाल खिलाड़ियों में शामिल हो गए।

टी20 वर्ल्ड कप जीत पर देश में जश्न, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री समेत नेताओं ने दी टीम इंडिया को बधाई

नई दिल्ली। गुजरात के अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मैच में सूर्यकुमार यादव के कप्तानी में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों के बड़े अंतर से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों ने भारतीय टीम को जीत की बधाई दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लिखा, आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास की कई ऊंचाइयों को छूने वाली टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई। भारत को यह गर्व है कि वह तीन बार कप जीतने वाला अकेला देश है। यह लगातार दो बार कप जीतने वाली भी अकेली टीम है। इससे हमारे क्रिकेट पसंद करने वाले लोगों को बहुत खुशी और गर्व होता है। यह इस बात का भी सबूत है कि हमारे युवाओं में अलग-अलग फील्ड में कितना टैलेंट है। इस मिली-जुली जीत के लिए हर एक खिलाड़ी, पूरा मैनेजमेंट और सपोर्ट स्टाफ सबसे ज़्यादा तारीफ़ के हकदार हैं। मैं दुआ करती हूं कि हमारी क्रिकेट टीम भविष्य में भी इसी तरह शान से जीती रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, चैंपियंस! आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई! यह शानदार जीत जबरदस्त स्किल्स, पक्के इरादे और टीमवर्क को दिखाती है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त हिम्मत दिखाई है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया!

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, क्या जीत है!! वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया को सलाम। पूरे टूर्नामेंट में आपके शानदार प्रदर्शन और जोश के जबरदस्त प्रदर्शन ने देश को गौरव और गर्व दिलाया है। हर भारतीय को गर्व महसूस कराने के लिए पूरी टीम को बधाई। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लिखा, आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने पर इंडियन मेन्स क्रिकेट टीम को मेरी तरफ से दिल से बधाई। हमारे लड़कों ने न सिर्फ टाइटल बचाया, बल्कि शानदार परफॉर्मेंस से मैदान पर भी छा गए। यह एक ऐसा मैच था जिसे हर क्रिकेट फैन देखना चाहेगा। हर खिलाड़ी ने अपना बेस्ट दिया, जिससे यह जीत यादगार बन गई। पूरा देश इस गर्व के पल का जश्न मना रहा है। टीम को भविष्य में और भी सफलताओं की शुभकामनाएं।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की शानदार जीत पर हमारे शानदार क्रिकेटरों को दिल से बधाई। उनके क्रिकेट स्किल्स, खेल के लिए जुनून और शानदार टीमवर्क ने एक बार फिर देश को गर्व महसूस कराया है। हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में चैंपियन की तरह खेली। उनके आगे के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अजेय और अविश्वनीय भारत कहते हुए लिखा, अजेय भारत - अविश्वनीय भारत, टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के विरुद्ध ऐतिहासिक और शानदार जीत हासिल कर विश्व चैंपियन बनने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! खिलाड़ियों के अद्भुत प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट टीम भावना ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह ऐतिहासिक जीत हर भारतीय के लिए गर्व और उत्साह का क्षण है। पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई। भारत यूं ही खेल जगत में नई ऊंचाइयों को छूता रहे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इस जीत को विजयी भारत की अश्वमेध यात्रा बताते हुए लिखा, गूंज उठा है नीला अंबर फिर एक मोड़ विश्व विजयी भारत की अश्वमेध यात्रा है जारी...बधाई भारत। ये रात, ये अंदाज और जीत का ये मिजाज हमेशा याद रहेगा। बता दें कि टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताब को अपने नाम कर लिया है। रविवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदा। भारत ने टी20 विश्व कप की ट्रॉफी को तीसरी बार जीता है। भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश बन गया है। टीम इंडिया से मिले 256 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

फाइनल में चला जसप्रीत बुमराह का जादू, तोड़ा लसिथ मलिंगा का बड़ा रिकॉर्ड

अहमदाबाद। टीम इंडिया ने रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप के खिताब को अपने नाम कर लिया है। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया। गेंद से भारतीय टीम की जीत के नायक एक बार फिर जसप्रीत बुमराह रहे। बुमराह ने खिताबी मुकाबले में 4 विकेट लेने के साथ ही लसिथ मलिंगा का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी की। 4 ओवर के स्पेल में बुमराह ने सिर्फ 15 रन खर्च किए और 4 बड़े विकेट चटकाए। टी20 विश्व कप के नॉकआउट मुकाबले में बुमराह ने दूसरा सबसे बेहतरीन स्पेल फेंका। इसके साथ ही बुमराह टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज भी बन गए हैं। बुमराह ने इस मामले में लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा है। बुमराह के नाम अब टी20 वर्ल्ड कप में 40 विकेट दर्ज हो गए हैं। वहीं, मलिंगा ने 38 विकेट निकाले हैं। बुमराह ने फाइनल मुकाबले में रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, जेम्स नीशम और मैट हेनरी को पवेलियन भेजा।

भारत से मिले 256 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 159 रन बनाकर ऑलआउट हुई। न्यूजीलैंड की तरफ से टिम सीफर्ट ने सर्वाधिक 52 रन बनाए, जबकि मिचेल सैंटनर ने 43 रनों का योगदान दिया। हालांकि, इन दोनों को छोड़कर कीवी टीम के बाकी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए। भारत की ओर से गेंदबाजी में बुमराह के अलावा अक्षर पटेल ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट निकाला। इससे पहले भारत ने टॉस गंवाने के बाद 20 ओवर में 5 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 255 रन लगाए। यह टी20 विश्व कप के नॉकआउट मुकाबले का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। संजू सैमसन ने लगातार तीसरे मुकाबले में अर्धशतक लगाया। संजू ने 46 गेंदों का सामना करते हुए 89 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 52 रन बनाए। ईशान किशन भी अच्छी लय में दिखाई दिए और उन्होंने 216 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 25 गेंदों में 54 रन बनाए। अंतिम ओवरों में शिवम दुबे ने 8 गेंदों में नाबाद 26 रन बनाए। भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप को जीतने के साथ ही इतिहास रच दिया है।

आईएसयू फिगर जूनियर विश्व चैम्पियनशिप

इस्टोनिया में आईएसयू फिगर जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में पोज देती हुई अमेरिकी जोड़ी।

टीम और मैनेजमेंट ने मुझ पर जो भरोसा दिखाया, वह बहुत मायने रखता है: अभिषेक

अहमदाबाद। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदकर भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक मैच में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। खिताबी जीत के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा है कि जिस तरह टीम और मैनेजमेंट ने मुझ पर जो भरोसा दिखाया, वह उनके लिए बहुत मायने रखता है।

अभिषेक शर्मा इस विश्व कप की शुरुआती तीन पारियों में खाता नहीं खोल सके थे। इसके बाद उन्होंने साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 15 रन और जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की पारी खेली, लेकिन अगले दो मुकाबलों में अभिषेक 10 और 9 रन ही बना सके थे।

हालांकि, खिताबी मुकाबले में इस 25 वर्षीय खिलाड़ी का बल्ला फिर से चला। अभिषेक ने 21 गेंदों में 3 छक्कों और 6 चौकों के साथ 52 रन की पारी खेली। इस दौरान संजू सैमसन के साथ 7.1 ओवरों में

98 रन जोड़े। अभिषेक शर्मा ने गेंद से भी योगदान दिया। उन्होंने 1 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 5 रन देकर 1 विकेट निकाला।

खिताबी जीत के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा, एक बात बिल्कुल स्पष्ट थी। मैं पहले भी यह बात साझा करना चाहता था, लेकिन आज इसके लिए सबसे अच्छा दिन है। कप्तान और कोच ने मुझ पर भरोसा जताया। यहां तक कि मैं खुद भी अपने ऊपर शक करने लगा था। मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था, यह मेरे लिए काफी मुश्किल टूर्नामेंट रहा।

उन्होंने आगे कहा, मैं बस अपनी प्रक्रिया पर ध्यान दे रहा था और एक-एक मैच पर फोकस कर रहा था, लेकिन यह आसान नहीं था। मुझे इस टीम से बहुत प्यार है, क्योंकि जिस तरह से सभी ने मेरा साथ दिया, वह शानदार था। पूरे साल मैं टीम के लिए अच्छा कर रहा था, लेकिन बड़े टूर्नामेंट में वैसा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा था, इसलिए यह मेरे लिए मुश्किल था।

अभिषेक ने कहा, टीम और मैनेजमेंट ने मुझ पर जो भरोसा दिखाया, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं टूर्नामेंट के बीच में भावुक हो गया था। मैं कोच और कप्तान से बात करना चाहता था। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम हमारे लिए बड़े मैच जिताओगे। मुश्किल समय में भी दर्शकों ने हमारा काफी समर्थन किया। रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में भारत ने 5 विकेट खोकर 255 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 19 ओवरों में महज 159 रन पर सिमट गई।

टी-20 विश्व कप : सबसे तेज शतक लगाने वालों में फिन एलेन सबसे आगे

नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप में तेज शतक लगाने वालों में अगर छह लोगों की सूची देखा जाए तो उसमें कोई भी भारतीय नहीं हैं। इस सूची में एक समय पर क्रिस गेल का दबदबा था। जो इस विश्वकप में टूट गया हैं। 22 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ सिर्फ 45 गेंदों में शतक जड़ दिया और 48 गेंदों में 105 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस प्रदर्शन के साथ बेथल टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए। इससे पहले न्यूज़ीलैंड के फिन एलेन ने विश्व कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में सिर्फ 33 गेंदों में शतक बनाकर यह टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक दर्ज किया था। इस कारनामे के दौरान वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज क्रिस गेल का 10 साल पुराना रिकार्ड तोड़ दिया। गेल ने साल 2016 के टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में शतक लगाया था, जिसे अब बेथल ने पीछे

छोड़ दिया।

टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में क्रिस गेल की छाप अब भी बनी हुई है। गेल ने साल 2016 में 47 गेंदों में शतक लगाया और साल 2007 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 50 गेंदों में शतक जमाया था। उनके शतक में 57 गेंदों में 10 छक्के और 7 चौके शामिल थे, जिससे उन्हें यूनिवर्स बास का खिताब भी मिला।

इस सूची में पांचवें स्थान पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक का नाम है, जिन्होंने 2026 टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 50 गेंदों में शतक बनाया। वहीं, छहवें नंबर पर न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैक्कुलम का नाम है, जिन्होंने साल 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 51 गेंदों में शतक जड़ा था। जेकब बेथल का यह रिकार्ड उनके युवा करियर की एक और बड़ी उपलब्धि साबित हुआ है। इस शतक ने न केवल टीम इंग्लैंड को सेमीफाइनल में मजबूती दी, बल्कि टी-20 विश्व कप के इतिहास में बेथल का नाम भी सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में अमर कर दिया। उनके खेल से यह साफ हो गया कि युवा खिलाड़ी बड़े मुकाबलों में दबाव में भी शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले टाप-6 बैटर

- फिन एलेन- 33 गेंदों में बनाम साउथ अफ्रीका (2026)
- जेकब बेथल-45 गेंदों में बनाम भारत (2026)
- क्रिस गेल-47 गेदों में बनाम इंग्लैंड (2016)
- क्रिस गेल-50 गेंदों में बनाम साउथ अफ्रीका (2007)
- हैरी ब्रुक- 50 गेदों में बनाम पाकिस्तान (2026)
- ब्रैंडन मैक्कुलम- 51 गेंदों में बनाम बांग्लादेश (2012)है।